लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 211

07 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

नेशनल टेक्सटाइल कॉरपोरेशन

211 श्रीमती नुसरत जहां:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पश्चिम बंगाल सहित देश में नेशनल टेक्सटाइल कॉरपोरेशन की कितनी मिलें हैं और वर्तमान में इनमें से कितनी मिलें कार्यशील हैं;

(ख) क्या सरकार अकार्यशील मिलों को पुन: खोलने पर विचार कर रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क): राष्ट्रीय वस्त्र निगम लिमिटेड (एनटीसी) के तहत पश्चिम बंगाल की पांच मिलों सहित 90 मिलें हैं। वर्तमान में एनटीसी की पश्चिम बंगाल में स्थित एक मिल सहित 23 मिलें कार्यशील हैं।

(ख) और (ग): मार्च, 2020 से कोविड-19 महामारी और विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा लगाए गए राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के कारण एनटीसी की कार्यशील मिलों में उत्पादन गतिविधियों को रोक दिया गया था। जनवरी, 2021 से एनटीसी की कुछ मिलों में सामान्य संचालन फिर से शुरू किया गया था किंतु कार्यशील पूंजी की अनुपलब्धता और अन्य वित्तीय बाधाओं के कारण इसे जारी नहीं रखा जा सका। एनटीसी मिलों की निरंतर खराब आर्थिक व्यवहार्यता को देखते हुए, वस्त्र मंत्रालय, नीति आयोग और लोक उद्यम विभाग, वित्त मंत्रालय के परामर्श से इस मामले में भविष्य के लिए एक कार्य योजना तैयार कर रहा है।

***